हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 विद्यार्थियों व अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई गई स्वच्छता ...

13 सम्मान पाकर छलक गईं बुजुर्गों की आंखें...




**खबर संक्षेप**

### गांधी जयंती पर विचार गोष्ठी आज

**डौंडीलोहारा।** मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि गोष्ठी दंतेश्वरी मंदिर परिसर डौण्डीलोहारा में अपरान्ह 2 से रखी गई है। गोष्ठी में महात्मा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही परिषद की आगामी गतिविधियों पर चर्चा के बाद काव्य गोष्ठी होगी।

### हुमेश ने राज्यस्तरीय स्पर्धा में पाया तीसरा पुरस्कार



**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग लेब मॉडल प्रदर्शनी बिलासपुर में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें हुमेश देशमुख ने पूरे राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि विद्यार्थी को तराशने में प्रभारी विनीता सुधीर की मेहनत रंग लाई। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि हमारे बच्चे सभी विधाओं में पारंगत हैं चाहे वह कोई भी प्लेटफार्म हो। पिछले दो वर्षों में कला, विज्ञान और खेल में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर चेतना ठाकुर, ओम प्रकाश वर्मा और सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जामगांव आर की छात्रा युवरानी ने जीते तीन पदक



**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर सहित राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स, बौद्धिक प्रतियोगिता, विद्याभारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के लिए प्रारंभ हो चुकी है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की छात्रा युवरानी पिता बेनीराम यादव ने विभाग स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा डोंगरगढ़ में गोल्ड मेडल, कोनी बिलासपुर में सिल्वर तथा क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स रिलेरेस खंडवा मध्यप्रदेश में रिले रेस में भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खेल प्रवास प्रभारी हीना साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों से आए प्रतिभागी एक दूसरे को टक्कर देकर अपनी प्रतिभा निखार पाते हैं। युवरानी की इस उपलब्धि पर माता-पिता, प्राचार्य पीएल बारले सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### कमरौद में नवरात्रि की तैयारी पूरी, घट स्थापना कल

**बालोद।** शारदीय क्वांर नवरात्रि के अवसर पर जय बजरंग बली मंदिर समिति कमरौद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर को प्रातः 11:36 से 12:24 तक घट स्थापना कर ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। 8 अक्टूबर को प्रातः 11:10 बजे से 8:15 बजे तक श्री पंचमी पूजन होगा। 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से महा अष्टमी, हवन पूर्णाहूति होगी। 12 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## दो तस्वीरें, तब और अब...




**बालोद।** इस खबर के साथ दो तस्वीरें हैं। पहली कलेक्टर कार्यालय के ठीक बाहर करीब 14 दिनों पहले ली गई तस्वीर है, जब जिले के आलाधिकारियों द्वारा हरे-भरे पौधों का रोपण किया गया था। दूसरी तस्वीर वर्तमान की है। जिस दिन इन पौधों को लगाया गया था, उस दिन पौधे हरे-भरे थे, उनमें पानी डाला गया था। लेकिन उसके बाद से देख-रेख के अभाव में पौधे नष्ट होने की कगार पर हैं। इन दोनों तस्वीरों को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा, कि लोग पौधे लगाते हुए फोटो खिंचवाते हैं और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेते हैं। लेकिन, उसके बाद उन पौधों की सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, 15 दिन में मांग पूरी नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की दी चेतावनी

# तीन माह से नहीं मिली मध्याह्न भोजन की राशि, अब महिलाओं ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं जनदर्शन में अपनी प्रमुख दो मांगों को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। इसके साथ ही 15 दिनों के अंदर मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं कलेक्टर कार्यालय में अपनी प्रमुख मांगों को लेकर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने तीन माह से लंबित मध्यान्ह भोजन की राशि दिलाने की मांग की। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन की राशि में बढ़ोतरी करने का आग्रह भी किया। इस दौरान गुण्डरदेही, अर्जुंदा, डौड़ी, डौडीलोहारा, बालोद, गुरुर सहित सभी ग्रामीण अंचल के महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं लगभग दो सौ की संख्या में उपस्थित थीं।



#### उधारी की वसूली के लिए दुकानदार कर रहे तकादा

मध्यान्ह भोजन संचालक अंजू राजपूत ने बताया कि उनके स्व सहायता समूह द्वारा चार स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम किया जा रहा था। उसकी राशि लगभग डेढ़ लाख रूपये बीते तीन माह से अप्राप्त है। शासन से राशि नहीं मिलने के कारण उधारी भुगतान के लिए दुकानदार तंग कर रहे हैं। इसके कारण मानसिक और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

#### आग्रह के साथ चेतावनी भी

जिलाध्यक्ष लोमेश्वरी साहू ने बताया कि बीते तीन माह से मध्यान्ह भोजन की राशि नहीं मिलने के कारण बीते एक हफ्ते से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की सामग्री व भोजन बनाने का काम बंद है। इसलिए कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को खाना महिला स्व सहायता समूह द्वारा नहीं दिया जा रहा है। समूह ने सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन की मिलने वाली राशि की बढ़ोतरी करने की माँग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि हमारी माँग 15 दिनों के अंतर्गत पूर्ण नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## अपनी बारी का इंतजार करते बेसुध होकर गिरी महिला, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

नगर के स्टेट बैंक शाखा में मंगलवार को पैसा निकालने आई महिला चक्कर आने के कारण बैंक में ही गश खाकर गिर गई। महिला को तत्काल नगर के शासकीय चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनगांव निवासी सरिता बाई पति चोवाराम उम्र 35 वर्ष स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पैसा निकालने आई थी। भीड़ व अत्यधिक गर्मी के कारण महिला को लगभग 1 बजे चक्कर आ गया और वहीं पर गिर गई।

- नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रूपए निकालने आई थी महिला

महिला के चक्कर खाकर गिरने के बाद 108 को फोन करने पर संतोष जनक जवाब नहीं पर मिल पाया। देर होता देख बैंक के प्यून कमलेश ठाकुर व महिला के पति के सहयोग से शासकीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया।

#### बैंक में रहती है बाजार जैसी भीड़

बैंक में सुबह से ही भीड़ लग जाती है। ज्यादातर केवायसी करने वालों की भीड़ रहती है। भीड़ इतनी रहती है कि बैंक में पैर रखने की जगह नहीं रहती। एसी चालू रहने के बावजूद भी काम नहीं कर पाता। केवाईसी करने वालों के लिए 2 बजे तक का समय रहता है। 1 दिन में केवाईसी नहीं होने पर ग्राहक को दूसरे दिन भी आना पड़ता है, जिसके कारण समय व पैसे की बर्बादी होती है। लेकिन, ग्राहकों की समस्या देखने व सुलझाने वाला कोई नहीं है।

#### स्टाफ की कमी से जूझ रहा है बैंक

बैंक के काउंटर के लिए सिर्फ दो ही कर्मचारी हैं, जिससे ग्राहकों का काम तेजी से नहीं हो पाता। शाखा प्रबंधक ने बताया कि इस संबंध में उच्च कार्यालय को बार-बार अवगत कराया जा रहा है। फिर भी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। उच्च कार्यालय कांकेर में जब हमारे हरिभूमि के प्रतिनिधि ने स्टाफ की कमी को लेकर कुछ दिन पूर्व बात की थी, तो उन्होंने भी स्टाफ की कमी का होना बताया व व्यवस्था होने पर भेजने की बात कही थी।

## जमीन संबंधी कागजात के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा किसानों को बेहतर सुविधा और राजस्व संबंधित समस्याओं का तत्काल निदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, लेकिन किसानों को जमीन सम्बंधित कार्यों के लिए दरबदर भटकना पड़ रहा है।

ग्राम करहीभदर निवासी शिव कुमार पटेल ने बताया कि वह फौत नामांतरण के लिए पिछले पांच महीने से राजस्व विभाग के दफ्तर व कर्मचारियों का चक्कर काट रहा है। लेकिन, पांच माह बीत जाने के बावजूद उनका फौत नामांतरण का कार्य अधूरा है। शिव कुमार पटेल ने आरोप लगाया कि इस कार्य को पूर्ण कराने के लिए कोतवाल और पटवारी द्वारा मौखिक रूप से पांच हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी, लेकिन राशि नहीं देने के कारण जो पंचनामा का दस्तावेज प्रकरण तैयार किया गया था, उसे भी पटवारी ने मांगकर फाड़ कर फेंक दिया। वहीं, इस घटना के संबंध में अपर कलेक्टर



को जानकारी देने के बावजूद काम नहीं हुआ। वहीं, फौत नामांतरण का कार्य नहीं होने के कारण किसान वर्तमान में केसीसी ऋण, खाद व दवाई लेने से वंचित नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते यदि फौत नामांतरण का कार्य नहीं हो पाया तो इस वर्ष उसे उपार्जन केंद्र के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए वंचित होना पड़ सकता है। वहीं, पीड़ित किसान शिव कुमार पटेल ने इस मामले की शिकायत जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंप फौत नामांतरण का कार्य जल्द पूर्ण कराने के लिए गुहार लगाई है।

## प्रभारी सचिव अंकित ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री व तस्करी की रोकथाम की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

### जिले के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर दिए दिशानिर्देश

जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने जिले के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर बालोद जिले में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में इस संबंध में किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने बताया कि जिले में मनः प्रभावी पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस अवसर




पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने भी इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा फूड एवं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा भी अपने–अपने विभागों के द्वारा जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई।

## चिखली के युवाओं ने माइंस में मांगा रोजगार



**बालोद।** लाल पानी से प्रभावित गांव चिखली के दर्जन भर से अधिक बेरोजगार युवकों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अधीन दल्लीराजहरा में स्थित माइंस में रोजगार दिलाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टोरेट पहुंचे बेरोजगार युवकों ने बताया कि ग्राम चिखली लाल पानी से प्रभावित क्षेत्र है जो कि दल्लीराजहरा से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां कुल आबादी लगभग 3000 के आस पास है, परन्तु लाल पानी प्रभावित क्षेत्र होने से कृषकों को उपजाऊ भूमि व शुध्द पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके कारण इस गंभीर समस्या को देखते हुए भिलाई इस्पात सयंत्र के अन्तर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाए। आपको बता दें कि बीते दो माह के भीतर दल्लीराजहरा क्षेत्र के कई अन्य गांवों के बेरोजगार युवाओं द्वारा इसी तरह से रोजगार की मांग करने कलेक्टर के समक्ष आवेदन सौंप चुके हैं।

### नवविवाहित व 21 साल की उम्र पूरी करने वाली विवाहित महिलाएं कतार में

# ढाई लाख महिलाओं को मिल रहा राशि, हजारों इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

एक ओर जहां जिले की लाखों महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि सीधे उन्हें बैंक के माध्यम से मिल रही है, तो वहीं जिले में ही हजारों महिलाएं ऐसे भी हैं, जो अपने दस्तावेजों को तैयार कर शासन के आदेश का इंतजार कर कर रही हैं और इस उम्मीद में बैठी हैं कि शासन का आदेश जारी होते ही फार्म भरेंगे और उसके बाद उन्हें भी राशि मिलनी शुरू हो जाएगी।

- इन महिलाओं को है पोर्टल खुलने का इंतजार

दरअसल महतारी वंदन योजना के तहत जनवरी और फरवरी माह में महिलाओं को फार्म भराया गया। उस समय कई महिलाओं के बैंक खाता में त्रुटि, तो कइयों के खाते में केवाईसी अपडेट नहीं होना, डीबीटी की सुविधाएं नहीं होना, आधार कार्ड में त्रुटि सहित पेन कार्ड नहीं होने जैसी कई कमियों की वजह से हजारों महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। ऐसे में ऐसी महिलाओं ने अब सारे दस्तावेज दुरुस्त करवा लिए और बस शासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले की 2 लाख 52 हजार पात्र महिलाओं को लगभग 24 करोड़ रुपये का भुगतान हर महीने किया जा रहा है। इन पात्र महिलाओं का बहुत ही सावधानी से चयन किया गया था, जिसके कारण इनमें से कोई भी फर्जी नहीं मिला है।




#### 520 लाभार्थियों की हुई मौत, नाम काटा गया

संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को हर महीने एक हजार रुपए उन्हें मिल रहा है। लेकिन बीते मार्च महीने से लेकर सितंबर माह तक करीब 520 महिलाओं की मौत हो चुकी है। उनका नाम लाभार्थियों की सूची से काटा गया है।

#### नवविवाहित महिलाएं कतार में

योजना के तहत 21 वर्ष पूरा कर चुकी शादीशुदा महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिले में कई शादीशुदा महिलाएं ऐसी है जिन्होंने योजना शुरू होने के बाद 21 वर्ष की आयु पूरी की है। वहीं योजना शुरू होने के बाद कई लोगों की शादी हुई है। ये महिलाएं भी पात्र श्रेणी में आ रही हैं। अब ये महिलाएं इंतजार में हैं कि कब शासन से इस योजना के तहत नया फार्म लेने का निर्देश आएगा। अब तक शासन से इस योजना में महिलाओं का नाम जोड़ने के लिए कोई निर्देश नहीं मिला है।

#### नहीं आया आदेश

अभी शासन स्तर से कोई आदेश नहीं आया है। पोर्टल बंद है, इसलिए फार्म भी नहीं भरा जा सकता। आदेश आएगा और पोर्टल खुलेगा तो फार्म भरेंगे।

**विपिन जैन, कार्यक्रम अधिकारी,** महिला व बाल विकास विभाग

### कैंप-1 में चाकूबाजी, आरोपियों का निकाला जुलूस

**भिलाई।** आपसी विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला है। साथ ही आरोपियों से क्राइम सीन रिक्रएट भी कराया गया। घटना थाना छावनी क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12 बजे सूचना मिली की शास्त्री नगर साक्षरता चौक कैंप-1 में कुछ युवकों में आपस में विवाद चल रहा है। युवकों के पास चाकू भी अपने पास रख चला रहे है। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। शास्त्री नगर निवासी प्रतीक वासनिक के पेट में कटर लगने से आंतें बाहर आ गईं। प्रतीक को बचाने के लिए उसका भाई सामने आया तो आरोपियों ने उसे भी चाकू से वार कर गंभीर कर दिया। दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया गया। जहां से गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शंकर नगर के बीटीआई मैदान पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा की ओर से 5 जोन के सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने सोमवार को शिविर लगाया गया। बीटीआई मैदान शंकर नगर में आयोजित शिविर में जोन 1 , 3, 5, 8 और 9 के सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर बीपी की जांच करवायी। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर क्षेत्र में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का निरीक्षण करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी पहुंचे। निगम आयुक्त ने शिविर का लाभ लेने पहुंचे सफाई मित्रों से चर्चा कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।

### लालपुर के 100 युवाओं ने ली भाजपा सदस्यता




**रायपुर।** भाजपा ग्रामीण मंडल अंतर्गत लालपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सांई रेजिडेंसी के सामने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू मुख्य आतिथ्य में सुना गया। जहां लालपुर के 100 युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विधायक श्री साहू के जनहितैषी कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में लालपुर के डीएन हाइट्स के अध्यक्ष मूर्ति, सिंचाई कॉलोनी के सचिव पवन श्रीवास्तव, मुस्कान रेजिडेंसी के अध्यक्ष श्री जायसवाल, अरिहंत हाइट्स के अध्यक्ष अमित, पैराडाइज होम्स के अध्यक्ष जीतू सोनी, सौरभ जैन, केशव खंडेलवाल ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

### राजीव के नाम की योजना अब पं. दीनदयाल के नाम पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर रही राजीव गांधी स्वालंबन योजना का नाम बदलकर अब पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना कर दिया गया है। इसी तरह राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना अब पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना के नाम से संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य में कई सरकारी योजनाओं के नाम बदले गए थे। अब 2023 में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने के बाद इसी तरह कई योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं।

### जोन-2 में बढा पेयजल संकट आयुक्त से मिले आप कार्यकर्ता

**भिलाई।** जोन-2 क्षेत्र और वार्ड-15 में भीषण जल संकट की स्थिति है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सोमवार को आयुक्त बजरंग दुबे से मिले। उन्होंने पानी संकट को लेकर आयुक्त को जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वार्ड 15 डॉ. अंबेडकर वार्ड में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। आप नेता देवेंद्र सिंह भाटिया, संजीत विश्वकर्मा, सुमीत शर्मा, गीतेश्वरी बघेल, चुम्मन साहू , दिनेश यादव, सुजीत, प्रदीप कुमार, चंदू, शांति यादव, ललित यादव ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ज़ोन 2 अध्यक्ष, कार्यपालन अभियंता को भी वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई थी, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल का निरीक्षण कर समस्या का तत्काल निराकरण कराएं।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के अंतिम दिन शामिल होंगे पायलट

## चौथे दिन डॉ. महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा चौथे दिन आरंग विधानसभा के भैंसा से निकलकर धरसींवा विधानसभा में प्रवेश कर गयी। यात्रा खरोरा, माठ होते हुये रात्रि विश्राम सारागांव था। कुल 24 किमी की पदयात्रा में भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कार्यकताओं में भी यात्रा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जगाना है। प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी है। सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं है, सरकार के मंत्रियों



में आपस में विरोधाभास है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की 5 साल सरकार थी जो किसानों, युवाओं, माता, बहनों और प्रदेश के हर वर्ग के लिये काम किया। ईडी, आईटी, सीबीआई कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का काम किया। भाजपा छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा से पूरी तरह घबरा गयी है और डर गयी है।

### समापन में शामिल होंगे पायलट

चौथे दिन की यात्रा की यात्रा भैसा से सारागांव तक जायेगी और कल यात्रा सारागांव से आगे बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 2 अक्टूबर को इस यात्रा में शामिल होंगे और साथ-साथ चलेंगे। कांग्रेस इस यात्रा को सामाजिक सौभाग्य के लिये निकाला गया है। भाजपा ने जो सोहाद्र बिगाड़ा है, उसको ठीक करने के लिये निकले है। पूरे समाज के लिये, एकता के लिये, भाईचारा के लिये हम सब पैदल चल रहे हैं।

### यात्रा को मिल रहा लोगों का रिस्पांस : महंत

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी लोग शामिल हुये। आम जनता और लोगों रिस्पांस बहुत अच्छा मिल रहा है। कांग्रेस की न्याय यात्रा में लोग जगह-जगह शामिल होकर अपना किसी न किसी भाव से समर्थन दे।*

*ये हुए शामिल : यात्रा के चौथे दिन नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहन मरकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अंबिका मरकाम, अम्बिका सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू आदि शामिल हुए।*

### यात्रा की जगह-जगह स्वागत की तैयारी

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन रायपुर के गांधी मैदान पर होगा। यहां एक बड़ी आमसभा का आयोजन किया जायेगा। न्याय यात्रा के रायपुर आगमन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इसके लिए आवश्यक बैठक में प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गेंदू शामिल हुए। उन्होंने कहा, बैठक में रायपुर शहर के समस्त 12 ब्लॉक अध्यक्ष को यात्रा को सफल बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने ब्लॉको से अधिक से अधिक संख्या मे वार्डो मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचने कहा गया है। वार्डो मे न्याय यात्रा का उद्धेश्य बताने के लिए पाम्प्लेट वितरित करने की जिम्मेदारी भी वार्ड अध्यक्ष को दी गई। उन्होंने वार्डो मे न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार और यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस भवन गांधी मैदान से ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### डाटा एंट्री आपरेटरों ने मंत्रालय घेरने निकाली महारैली, पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोका



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेशभर से धरना स्थल में पहुंचे डाटा एंट्री आपरेटरों सोमवार को मंत्रालय घेरने धरना स्थल से महारैली निकाली। नियमितीकरण करने और 27 फीसदी वेतन वृद्धि संबंधी 2 सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाल रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस के जवानों ने अंडरब्रिज के पास बेरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान खासी गहमागहमी देखने को मिली। डाटा एंट्री आपरेटरों ने अपने लंबित मांग पूरा कराने जमकर नारेबाजी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डाटा एंट्री आपरेटर रैली में शामिल होने तूता पहुंचे थे।

दरअसल, 18 सितंबर से डाटा एंट्री आपरेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि 8 सरकारी विभागों का सालों से काम करने के बाद भी सरकार यह तय नहीं कर पाई उन्हें कौन से विभाग में रखा जाए। पिछले 8 माह से डाटा एंट्री आपरेटरों को वेतन नही मिला है। इससे प्रदेश भर के 2 हजार से ज्यादा डाटा एंट्री आपरेटर के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय जल्द तय कर उन्हें नियमित किया जाए।

## नोटिस के बावजूद जमा नहीं की राशि, अब सस्पेंड की तैयारी

# 17 दुकानों में 26 सौ क्विंटल एपीएल चावल शॉर्टेज, दो बार दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एपीएल चावल में गड़बड़ी करने वाले उचित मूल्य के 17 दुकानों के संचालकों ने चावल के बदले राशि अब तक नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं कराए हैं। इस मामले में खाद्य विभाग इन दुकानों को पूर्व में दो बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी संचालक राशि जमा नहीं कर मनमानी कर रहे हैं। कलेक्टर ने ऐसे दुकान संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद विभाग भी अब इन दुकानों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई करने की तैयारी में है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी दुकानों को आखरी मौका देते हुए अंतिम बार नोटिस जारी किया है। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज चावल के बदले राशि जमा नहीं करते हैं, तो दुकानों को निलंबित कर दिया जाएगा।

लापरवाही की भेट चढ़ा सैकड़ों एपीएल कार्ड धारकों का खाद्यान्न, हुआ लैप्स




### जांच में 26 सौ क्विंटल चावल माइनस मिला

अधिकारियों के अनुसार जांच में 17 दुकानों में एपीएल कोटे का कुल 26 सौ क्विंटल चावल ऑनलाइन सिस्टम में माइनस दिखा रहा है। पूछताछ पर दुकान संचालकों ने माइनस चावल के बारे में यह सफाई दी है कि स्टॉक में बीपीएल कोटे का चावल खत्म होने और नया स्टॉक समय पर नहीं पहुंचने के कारण एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिए हैं।

### बीपीएल कार्डधारकों को बांट दिया एपीएल का चावल

खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक दुकानों में एपीएल का चावल भारी मात्रा में माइनस में मिला था, जबकि यह चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटा ही नहीं गया था। जांच में पता चला कि संचालकों ने एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिया है। इसके कारण ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस में दिखा रहा था, जबकि कार्ड धारकों ने चावल लिया है। इसकी एंट्री नहीं दिखा रही थी।

### जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करेंगे

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों को एपीएल चावल शार्टेज मिलने पर नोटिस जारी किया है, उनमें कुछ दुकानों ने चावल के बदले राशि जमा करा दी है, लेकिन 17 दुकानों ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है। कलेक्टर के निर्देश है चावल या बदले में राशि जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करें। अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई करेंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### इन दुकानों में इतना शार्टेज मिला

| दुकान आईडी | शॉर्टेज चावल (क्विंटल में) |
|---|---|
| 441001266 | 135.32 |
| 441001274 | 70-59 |
| 441001275 | 378.69 |
| 401001290 | 276.00 |
| 441001292 | 51-41 |
| 441001295 | 123.52 |
| 441001331 | 253.35 |
| 441001332 | 44.41 |
| 441001335 | 58.97 |
| 441001338 | 101.25 |
| 441001324 | 101.25 |
| 441001253 | 21.19 |
| 441001254 | 22.62 |
| 441001836 | 139.91 |
| 441001337 | 143.16 |
| 442001346 | 351.70 |
| 441001347 | 316.50 |

*गौरतलब है कि दुकानों में शॉर्टेज चावल, शक्कर एवं नमक के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी जारी किया है। इन दुकान संचालकों को 3 बार नोटिस के बाद आरआरसी तक जारी हो चुका हैं। इसके बाद भी संचालकों ने खाद्यान्न के बदले राशि जमा नहीं किया है।*

### श्रीराम विजयादशमी के रूप में मनाएं दशहरा रावण का कद छोटा करें



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव को श्रीराम विजयादशमी के रूप में दशहरा मैदानों पर मनाने की पैरवी रायपुर उत्तर के विधायक व जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने की है। मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पांच सौ साल इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना हुई है। आराध्य देव राम का स्वरूप बड़ा व रावण का कद भी छोटा किया जाना चाहिए। इससे बढ़ते प्रदूषण का ग्राफ भी कम होगा। विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि परंपरा के अनुसार कालांतर से यह रीत चली आई है कि हिन्दू पंचांग के तहत आश्विन माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसे देखते हुए दशहरा उत्सव का आयोजन करने वालों से आग्रह है कि वे भगवान राम के स्वरूप को बड़ा और रावण का पुतला छोटा बनाएं। इसमें होने वाली आतिशबाजी व बड़ा पुतला दहन होने से प्रदूषण भी बढ़ता है। इसे कम करने के लिहाज से यह मेरा सुझाव है। इसे मैं लोगों को मानने के लिए बाध्य तो नहीं कर सकता, लेकिन जगन्नाथ की सेवा करता हूं। मेरे मन में जो भाव आया उसे मैं आप लोगों के माध्यम से साझा कर रहा हूं, इसे लोग मानें या न मानें इसके लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकता, इसलिए आग्रह है।

## भारतीय सेना की दूसरी टोली का कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के 40 जवानों की दूसरी टोली सोमवार को रायपुर पहुंची। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे स्टेशन में फूलों की माला पहनाकर जवानों का स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत गाकर आभार जताया।

भारतीय सेना अपनी सेना को जाने के तहत शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सोमवार को जबलपुर एसटीसी के 40 जवानों की टोली रायपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर ने इन जवानों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं गाकर आभार जताया। भारतीय सेना के जवान नायक विशाल माने एवं नायक राजेंद्र सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर बड़ा



गर्व महसूस हो रहा है। यहां पहुंचकर काफी अच्छा लगा। इस स्वागत समारोह में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देंवागन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जवानों ने पोषण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की तर्ज पर पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने निर्देशित किया है। इसे लेकर जिले में 1 से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह के समापन कार्यक्रम कलेक्टर की अगुआई में रेलवे स्टेशन में आयोजित किया गया, जिसमें सेना के जवानों ने भाग लेते हुए पोषण का संदेश लोगों तक पहुंचाया।

## रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा आज, जिले के शिक्षक एलबी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में प्रदेश भर से समस्त शिक्षक एलबी सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने कहा कि हम समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षक विभिन्न विसंगतियों से घिरे हुए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना न कर संविलियन तिथि से समस्त लाभ दिए जाने के शासन के निर्णय से पूरा शिक्षक एलबी संवर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है, क्योंकि संविलियन तिथि से गणना करने पर न तो पुरानी पेंशन में पूर्ण पेंशन मिलेगा, न ही ग्रेज्युटी का पूरा लाभ मिलेगा, न क्रमोन्नति, समयमान का लाभ मिल पा रहा है, जिससे वेतन में भारी विसंगति आ गई है।

पदोन्नति सभी वर्गों में नहीं होने की वजह से एक ही पद में 20 से 24 साल भी हो गए हैं, जिससे शिक्षक एलबी संवर्ग का मनोबल टूट रहा है। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से कई दौर की बात भी हो चुकी है, किंतु अभी तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिला है। इसके कारण शिक्षक एलबी संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। अब मजबूरन हमें आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आंदोलनों की रूपरेखा को सार्वजनिक करते हुए प्रान्त संचालकों के निर्देश पर शालेय शिक्षक संघ के महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी प्रान्त अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा निकाली जाएगी। 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मूल मांग सहित देय तिथि से लंबित मंहगाई भत्ता व एरियर्स की मांग हेतु कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा। 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश भर के शिक्षक, पूर्व सेवागणना दीप जलाकर अपनी सेल्फी, फोटो सहित समस्त सोशल मीडिया व समाचार पत्रें में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

11 नवम्बर को छग के 146 विकासखण्ड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 से 24 नवम्बर के बीच मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों, सांसद, विधायको, जिला, जनपद, पंचायत सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को पुरानी सेवा गणना करने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा जायेगा। 25 नवम्बर को मोर्चा के प्रदेश भर के पदाधिकारी राजधानी रायपुर के इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मांग पत्र दिया जायेगा। इन सबके बावजूद भी यदि समस्याओं का समाधान नही किया गया तो आंदोलन को वृहद कर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## अनुपम गार्डन में मूणत ने दिलवाई स्वच्छता की सामूहिक शपथ

### करबला तालाब का सौंदर्यीकरण अधूरा होने पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को राजधानी के अनुपम गार्डन में लोगों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। वहीं करबला तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री और पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने अनुपम गार्डन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे प्रस्तावित चौपाटी के लिए चल रहे कार्यों की जानकारी ली। दोनों जगह काम की धीमी रफ्तार से वे नाराज हुए। अफसरों को उन्होंने हिदायत दी कि काम हर हाल में समय पर पूरा किया जाये। विधायक राजेश मूणत ने करबला तालाब जाकर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण का



काम देखा। सूत्रों के मुताबिक सौंदर्यीकरण का काम अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को फटकार लगाई। श्री मूणत ने अफसरों को चेताया कि अगर इसी तरह लेटलतीफी चलती रही तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। अनुपम गार्डन में आम जनता और अफसरों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ कार्यक्रम में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाण्डेय, श्याम सुन्दर अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल, डॉक्टर शैलेश खंडेलवाल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

नशामुक्त भारत अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में

- नशामुक्त राष्ट्र बनाने दिलाई गई शपथ

संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और



प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने नशामुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को नशामुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित है जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने लोगों से कहा कि नशामुक्त राष्ट्र निर्माण हेतु शपथ में कही गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें। संभागायुक्त एसएन राठौर ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना है, यह तभी संभव है जब यह वर्ग नशामुक्त होंगे। इस अवसर पर आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित सिंह परिहार ने भी विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ सचिन परब ने बताया कि वे विगत 25 वर्षों से नशामुक्ति अभियान पर कार्यक्रम देते आ रहे हैं। 4 मार्च से सरकार ने यह काम ब्रम्हकुमारी संस्थान को सौंपा है। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के कला जत्था ने नशामुक्ति पर आधारित गीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

## अवैध खनन को लेकर बैठक में हंगामा, जर्जर सड़कों पर चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिला पंचायत में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में विभाग के अफसर गंभीर नजर नही आए। पिछले बैठक के पालन प्रतिवेदन को लेकर अफसर ही गंभीर नही दिखे। जिसमें नगपुरा से रसमडा की सडक और अवैध मुरूम व मिट्टी खनन पर लगाम जैसे कई मुद्दे बैठक में उठाए गए। लेकिन कार्यवाही के नाम पर अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गए। हर बार की तरह सदस्यों को बैठक में निराशा हाथ लगी।

सामान्य सभा में लक्ष्मी साहू ने बोरई में अवैध खनन को लेकर खनिज विभाग के अफसरों को घेरा, लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया गया। इसी तरह बिरेझर और रिसामा में भी बगैर रायल्टी के




खनन का मुद्दा गर्माया रहा। उपाध्यक्ष अशोक साहु ने हैवी ब्लास्टिंग की जानकारी मांगी, लेकिन सहायक खनिज अधिकारी दीपक तिवारी निरूत्तर रहे। इसी तरह जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने अवैध खनन के आड में ओव्हर लाड के कारण सडक की दुर्गति का मुद्दा उठाया। जिस पर आगे खनिज विभाग और आरटीओं द्वारा कार्यवाही किए जाने की बात कही गई। सदस्य लक्ष्मी साहू ने नगपुरा से रसमडा की जर्जर सडक की मरम्मत की मांग की थी। जिस पर पीडब्ल्यूडी के ईई अशोक श्रीवास के साथ उनकी जमकर बहस हो गई। श्री मति साहू ने ईई द्वारा गनिमत कहने पर भडक गई। इसके आलावा सीता राईस मिल से केमिकल किसानों के खेतों में आने के कारण फसल खराब होने का मामला गर्माया रहा, जिस पर पर्यावरण विभाग के अनिता सावंत ने नोटिस जारी किए जाने की बात कही। वहीं इस दौरान सदस्यों ने सभी उद्योगों में एटीपी मशीन नही होने पर कार्यवाही किए जाने का मुद्दा उठाया था।

## खबर संक्षेप

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण



**बालोद।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्याम लाल नवरत्न ने जिला जेल बालोद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, बैरक की व्यवस्था, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, भोजन की गुणवत्ता, मनोरंजन के साधन, बंदियों के कपडो की दशा, पेयजल की व्यवस्था के साथ बंदियों को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से जेल में रहन–सहन, दिए जाने वाली औपचारिक सुविधा तथा न्यायालय में लंबित उनके प्रकरण व उनके अधिवक्ता के संबंध जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने व्यवस्था के संबंध में सहायक जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद किरण कुमार जांगड़े, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर एवं सहायक जेल अधीक्षक, जिला जेल बालोद एस.शोभा रानी उपस्थित थे।

### आत्मा साक्षात्कार दिवस निकाली संकीर्तन फेरी

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू का 60 वा आत्मा साक्षात्कार दिवस के निमित्त भव्य संकीर्तन सुप्रभात फेरी की यात्रा आदर्श ग्राम धनोरा से निकाली गई। सभी साधक और अन्य ग्रामवासी भी संकीर्तन में शामिल हुए। अंत में गुरु देव की मंगल आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। युवा सेवा संघ द्वारा बताया कि गुरु देव का 60 वा आत्मा साक्षात्कार दिवस 4 अक्टूबर को है। देश भर के 450 आश्रम में इस दिन बड़े ही धूम धाम से गुरु देव का यह कार्यक्रम मनाते है। इसी कड़ी में ग्राम बेलैदी में संत आसाराम बापू का आश्रम में 4 अक्टूबर को आत्मा साक्षात्कार दिवस मनाया जायेगा। दी।

### चारागाह की जमीन की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**दुर्ग।** पोटियाकला स्थित जमीन पर बिल्डरों और रसूखदारों द्वारा मनमानी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। यहां घास जमीन को बेचे जाने की शिकायत सामने आई हैं। मामले में कार्यवाही की मांग की गई है। जानकारी अनुसार खसरा नं. 440, 396, 554 की जमीन शामलात (चारागाह) है। समस्त कृषिकों द्वारा उक्त भूमि को ग्रामीण योजना व चारागह के लिए आरक्षित किया गया था। तथा उक्त भूमि शामलात चारागाह कुल कास्तकार के नाम पर दर्ज है। चूंकि यह ग्राम पूर्व में ग्राम पंचायत के नाम से विद्यमान था तथा तत्कालीन पंच, संरपंच के नाम पर जमीन का दुरूपयोग न हो। कई वर्षों पहले ग्राम पंचायत द्वारा इस जमीन को निर्धन किसानो को एक साल के लिए नीलाम करके उस आय से ग्राम विकास में खर्च करता था। जैसे जैसे पंच सरपंच बदलते गया, नियमानुसार उस जमीन का नामांतरण नहीं हुआ है। जमीन पूर्व में जिसके नाम पर थी। उन्ही लोगो के नाम में रह गई।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने किया सम्मान, लिया आशीर्वाद

# सम्मान पाकर छलक गईं बुजुर्गों की आंखें कलेक्टर ने सम्मानित कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपनापन एवं आत्मीय भाव के साथ बुजुर्गो का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कई बुजुर्गों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। वहीं, वहाँ उपस्थित सभी लोग बहुत ही अभिभूत नजर आए।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं ग्राम पंचायत झलमला सरपंच उमा पटेल ने वृद्धजनों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अतिथियों ने परिवार एवं राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल एवं छड़ी भी भेंट की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने बुजुर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बुजुर्गों को बुजुर्गों से संबंधित शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इस अवसर पर उन्होंने समाज एवं परिवार के निर्माण में बुजुर्गों के योगदानों पर प्रकाश डाला।





कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर है। उनका योगदान हम सबके लिए सचमूच अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे वेद, शास्त्रें में भी माता–पिता को देव तुल्य माना गया है। चन्द्रवाल ने कहा कि माता–पिता और हमारे बुजुर्ग हम सभी के प्रथम शिक्षक होते हैं। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का असर पूरे परिवार पर पड़ता है। चन्द्रवाल ने कहा कि एक अच्छे समाज एवं परिवार के निर्माण के लिए माता–पिता, बुजुर्गों तथा बच्चों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि ये सभी मिलकर एक बेहतर समाज एवं परिवार के बुनियाद का निर्माण करते हैं। इसलिए हम सभी को बुजुर्गों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को सदैव आत्मसात करना चाहिए। जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू ने कहा कि समाज व राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस तथा शासन द्वारा बुजुर्गों के संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बुजुर्गों के स्वास्थ्य जाँच हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाइयां आदि प्राप्त की।

## इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ पहुंचे सशिमं के बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ज्ञानार्जन शैक्षणिक भ्रमण हेतु सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के 31 विद्यार्थी, 2 संरक्षक, आचार्य दीदी के साथ मंगलवार को इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ पहुंचे। वहां उन्होंने विश्विद्यालय की खूबियों को बड़ी बारीकी से देखा। विश्विद्यालय के उदार और संस्कारित संगीतज्ञों ने ससंगित गायन वादन करके बच्चों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

विद्यार्थियों ने विश्विद्यालय की अनुशासन संस्कार आत्मीयता भरी व्यवहार को खूब सराहा। बच्चों शिल्प कला संगीत कला पुरातत्व विभाग की धरोहरों को करीब से देखा और कहा की विश्वविद्यालय के बारे में जितना सुनते थे उससे ज्यादा पाए। छात्र गीतांजलि ने कहा कि हमारी अभिव्यक्ति शैली बहुत



मजबूत नहीं है, लेकिन इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थी जीवन जो यादगार बना दिया।

गीतांजलि, पायल, सुभ्रा, धात्री, डाली, कुमकुम ने कहा कि संगीत विश्विद्यालय खैरागढ़ का ज्ञानार्जन शैक्षणिक भ्रमण हमारे विद्यार्थी जीवन का एक यादगार भ्रमण बन गया। बच्चों ने बताया कि यहां की संगीत शिल्प कला पाषाण काष्ठ मूर्ति कला के साथ पुरातत्व विभाग का अकल्पनीय संग्रह देख मन को बड़ा सुकून मिला।

## आम आदमी की आवाज बनेगी छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा : हरमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार पर कानून व्यवस्था में नाकाम रहने और चारों तरफ लूट, हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे अपराधों में वृद्धि होने आरोप लगाते हुए कांग्रेस द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर तक निकाली जा रही है।

इस यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल के केशव बंटी हरमुख भी शामिल हुए। उन्होंने इस न्याय यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बताते हुए कहा कि निश्चित ही यात्रा लोगों की आवाज बनेगी। यह सड़क से लेकर सदन तक पहुंचने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा की साय सरकार हर क्षेत्र में फेल हो रही है। उनसे शासन नहीं संभल रहा है। मूलभूत सुविधाओं के लिए





जनता तरस रही है। श्री हरमुख ने आगे कहा कि आज प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट की घटनाओं को रोकने में डबल इंजन की सरकार पूर्ण रूप से विफल हो गई है। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत गिरौदपुरी से 27 सितंबर से हुई थी, जिसका आज रायपुर में समापन होगा। बंटी हरमुख ने बताया कि वे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के साथियों के साथ न्याय यात्रा की शुरुआत से अंतिम दिन तक शामिल हुए।

## सर्व कुर्मी समाज ने किया विधायक ललित का सम्मान

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सर्व कुर्मी समाज ने उनका सम्मान किया। ग्राम कोलिहापुरी में सर्व कुर्मी समाज द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ललित चंद्राकर ने कहा कि आप सबने जो प्यार स्नेह आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे मैं अभीभूत हूं। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ मिलकर प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराता हूँ। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रनाहू समाज अश्वनी चन्द्राकर, अध्यक्ष चंद्रनाहू समाज दुर्ग विजय चन्द्राकर, अध्यक्ष चंद्रनाहू समाज भिलाई पवन चन्द्राकर, पूर्व महापौर दुर्ग चंद्रिका चंद्राकर, केंद्रीय अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी समाज राजेंद्र हरमुख, केंद्रीय अध्यक्ष महिला दिल्लीवार कुर्मी समाज प्रीती देशमुख, युवा दिल्ली वार कुर्मी समाज अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## संत दिनेंद्र साहेब को मिला साहित्य शिरोमणि अलंकरण



**बालोद।** अखिल हिंदी साहित्य सभा अहि सास शाखा इंदौर के तत्वावधान में भव्य साहित्यिक गोष्ठी हुई, जिसमें जिले के कवि भी सम्मिलित हुए। अरुणिमा पुस्तक में भारत के विभिन्न प्रांतों के 61 साहित्यकारों की संघर्ष गाथा लिखी गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के बालोद जिला से संत दिनेंद्र साहेब, डॉ अशोक आकाश एवं भाटापारा से ललित ठाकुर हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें लगभग 25 कवियों ने भाग लिया। संत दिनेंद्र साहब ने भी कविता का पाठ किया। इस अवसर में अखिल हिंदी साहित्य सभा अहिसास, शाखा अमरावती के अध्यक्ष डॉक्टर शीला डोंगरे, इंदौर शाखा के जामवंत डॉक्टर बनवारी लाल जाजोदिया एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन द्वारा संत दिनेंद्र साहेब को साहित्य शिरोमणि अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर में कबीर आश्रम करहीभदर संत देवेंद्र साहेब एवं भक्तप्रवर गिरीश शर्मा इंदौर से उपस्थित थे। संत दिनेंद्र साहेब की पुस्तक सुखमय जीवन की प्रेरक कहानी पर डॉक्टर राजेंद्र खरे ने अपनी धर्मपत्नी इंदु खरे स्मृति पुरस्कार मोमेंटो एवं 2100 की सम्मान राशि से सम्मानित किया।

## संभागस्तरीय कला महोत्सव व खेल स्पर्धा में एकलव्य विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला महोत्सव एवं खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग मेनका चंद्राकर ने बताया कि

- विद्यालय के विद्यार्थियों ने 12 विधाओं में प्रथम, 6 में द्वितीय व 5 में प्राप्त किया तृतीय स्थान

धमतरी जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथरीडीह में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 25 विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल कर बालोद जिले का नाम रोशन किया। इनमें से 12 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान एवं 05 विद्यार्थियों तृतीय स्थान





प्राप्त किए। इसमें शिक्षक प्रतियोगिता एवं सेमी क्लासिकल एवं क्लासिकल गायन में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये है। जिसमें 13 विधाएं संगीत, 03 विधा कला संबंधी एवं 09 विधाएं साहित्यिक संबंधी रही हैं।

**इन्होंने मारी बाजी:** सोलो सांग में संजना पिस्दा को प्रथम, वोकल म्यूजिक में हेमेश्वर प्रथम, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में यश कुमार मंडावी प्रथम, वोकल म्यूजिक ट्राइबल ग्रुप में रश्मी, शशिकला, लल्नी, जतिन, झनेश ठाकुर, जतिन भंडारी प्रथम, क्लासिकल डांस सोलो में कृतिका प्रथम, फोक डांस में मीनाक्षी, तृष्किा, योगिनी एवं नीलिमा प्रथम, इंस्ट्रूमेंटल म्युजिक फोक ग्रुप गोपेश्वर, अभिनय, चंद्रकांत एवं देवनारायण द्वितीय, वोक म्युजिक पैट्रेयोटिक में गरिमा, मोक्ष, रामा एवं गीतांजली द्वितीय, विज्यूअल आर्ट 2–डी में द्वियांशु द्वितीय, 3–डी आर्ट में टिकेश्वर गावड़े द्वितीय एवं वोकल म्युजिक फोक सोलो में अनिशा तृतीय, वोकल म्युजिक क्लासिकल में खुशबु तृतीय, इंस्टुमेंटल ट्राईबल में यंशु रावटे, भेश कुमार तृतीय, पेंटिग ट्राईबल में मीनाक्षी ताराम, स्टोरी टेलिंग हिन्दी में किंजल तृतीय तथा संस्कृत श्लोक में हेमाक्षी नायक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## आतरगांव छोटेपारा में हुई पालक शिक्षक मेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के शासकीय प्राथमिक विद्यालय आतरगांव छोटेपारा में द्वितीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति और सरपंच खिलावन माहला के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के बच्चों के साथ-साथ आंगनबाड़ी के बच्चों के उत्तरोत्तर विकास व गुणवत्ता पर खिलावन माहला ने अभिनव प्रयोग करते हुए आंगनबाड़ी के समस्त बच्चों को डिजिटल राईटिंग टैबलेट निःशुल्क प्रदान किया गया। सरपंच ने कहा कि बच्चे इमारत की नींव के समान होते हैं और इसी नींव को मजबूजी प्रदान करने मेगा बैठक कर त्रैमासिक आकलन व अन्य शैक्षणिक पहलुओं पर सविस्तार चर्चा परिचर्चा कर पालकों को शिक्षा के प्रति जागरूकता किया गया। सरपंच द्वारा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को लोअर और टी शर्ट और आंगनबाड़ी के बच्चों को निःशुल्क गणवेश देने की घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक परमानंद देवांगन और शिक्षक रिपुसूदन शाकार और समस्त पालक उपस्थित रहे।





स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी
संकुल केंद्र - निपानी, जिला - बालोद
Udise code 22220108806
गांधी जयंती की हार्दिक बधाई...



सुनिधि शर्मा व्याख्याता (सामाजिक (विज्ञान), नेहा रामटेके व्याख्याता (गणित), शिल्पी मुखर्जी-व्याख्याता (वाणिज्य), पूजा जग्गा व्याख्याता (अंग्रेजी), किरण गजेन्द्र-व्याख्याता (रसायन शास्त्र), यादराम साहु - व्याख्याता (संस्कृत) व रेखा साहु - व्याख्याता (हिन्दी), निर्मला देवी - शिक्षक (विज्ञान), महिमा श्रीवास्तव - शिक्षक (कम्प्यूटर), अर्पणा साहु - सहायक शिक्षक, प्रियंका डे सहायक शिक्षक, नगमा परवीन - - सहायक शिक्षक, नाज़नी यदु प्रयोगशाला सहायक शिक्षक, दानवीर कंवर (प्रयोगशाला) सहायक शिक्षक, रिनीता ताम्रकार ग्रन्थपाल, वी. ईश्वर राव व्यायाम शिक्षक (पी.टी.आई)

### नवरात्रि कल से तैयारियां पूरी

**बालोद।** गुरुवार से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। जिले के तमाम देवी मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिरों में लाइटिंग सजावट के साथ ही पंडाल तथा श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके लिए भव्य रूप से पंडाल सजाए जा रहे हैं। वहीं, मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिर गंगा मैय्या, सियादेवी, रानीमाई मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर सहित कई देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में भी ज्योतिकलश दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म - अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत कुमार साहू आ. श्री हिमांचल साहू, आयु 25 वर्ष, जाति तेली, निवासी सुभाष चौक, महामाया ग्राम व पो. महामाया, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका सपना सोरी आ. श्री जगदेव सोरी, जाति गोंड उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम व पो. कोटागांव (ठाकुरपारा). तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 16/10/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 04/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि – 16/10/2024

मुहर

अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- बालोद (छ.ग.)

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में मनाई जाएगी गांधी जयंती

**बालोद।** ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद की बैठक सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव तीरथ राम साहू ने किया। बैठक में मेट पहचान पत्र वितरण किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू ने सभी मेटो को एकजुट होने व पदाधिकारियों को अपना पूर्ण सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि संगठन में ताकत का परिचय दिया। जिसके कारण मजदूरों व मेटों की मजदूरी भुगतान तत्काल किया गया। बैठक में उपस्थित मेटों ने सर्वसम्मति से 02 अक्टूबर को गांधी जयंती सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में मनाने का प्रस्ताव किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव तीरथ राम साहू, सहसचिव तोमिन मरकाम, जोन प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, जोन प्रभारी योगेश कुमार, प्रीति साहू उपस्थित थे।

### पीपरछेड़ी में सदस्यता अभियान के संबंध में हुई बैठक



**बालोद।** ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 117–118 ग्राम पीपरछेड़ी में सदस्यता अभियान को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद के बूथ क्रमांक 117 एवं 118 पीपरछेड़ी में संयुक्त रूप से बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान के लिए बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष संजय साहू, कृष्णा राम साहू, कौशल साहू, मनहरण साहू, चंद्रहास साहू, मोहनलाल साहू, अजय साहू, दशरथ साहू, गणेश साहू, वीरेंद्र कुमार, सोनबोइर, लखन लाल साहू, डेमन लाल, लेखराम, लोकनाथ साहू, कन्हैया साहू, धनेश कुमार साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा की सदस्यता यानी राष्ट्रसेवा का संकल्प- यादव

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रही सदस्यता अभियान को लेकर विधायक गजेंद्र यादव जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बना रहे है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओ को कहा कि, सदस्यता अभियान को सिर्फ अभियान ना मानकर पार्टी की सेवा मानना है और सदस्यता अभियान को सफल बनाना है। भाजपा जो कहती है वो करती चुनाव के समय भाजपा ने जो वादे किये थे उसमे से आधे से ज्यादा वादों को पूरा कर दिया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, प्रदेश ने हमें जो टारगेट दिया है। हम उसे पूर्ण करने का संकल्प ले। 22 जनवरी को जब राम जन्म भूमि अयोध्या में रामजी अपने मंदिर में विराजित हुए उस समय दुर्ग शहर के हर घर में दीप प्रज्वलित हुआ था। ठीक उसी तरह सदस्यता अभियान के लिए हमें हर घर जाना है।

## शासकीय महाविद्यालय गुरूर में हुआ स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों व अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के शासकीय महाविद्यालय गुरूर में 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महाविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें, जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। कार्यक्रम में डॉ. कन्नौजे ने छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि शासकीय महाविद्यालय गुरूर में 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' कार्यक्रम में स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली एवं ड्राइंग प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली भी निकाली गई। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने स्वच्छता पर आधारित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

### भाजपा मंडल गुरुर व पार्षदों ने किया स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का सम्मान



**गुरूर।** स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर भाजपा मंडल गुरुर और पार्षदों की ओर से गुरुर नगर की स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

शिव चौक गुरुर में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, यादव राम साहू, ईशा प्रकाश साहू, मेहत्तर नेताम, पन्ना लाल साहू, चंदन सिंह, डिकेश्वरी–केशव बंधु, गिरधर ठाकुर, मकसूदन सोनवानी, रामेश्वर लावतरे, भारत यादव, भादू निषाद, शशिकांत, तन्मय, चिंता राम, कुंती सिंह, चन्दरलता साहू, जितेश्वरी निषाद, शोभित ओझा, अनुसुइया ध्रुव एवं समस्त पार्षद सहित अनेक भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ





**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं महात्मा गांधी के जन्मदिवस स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वच्छ भारत दिवस' मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजूलाल कोसरे ने सहायक प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और जनता को नियमित, स्वैच्छिक अवैतनिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने की शपथ ली। इसके साथ ही रक्तदान करने तथा स्वच्छता के लिए, हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूँगा। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक/ कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुथरेल में स्वच्छता जागरुकता अभियान व सम्मान समारोह आज

**अंडा।** राष्ट्रीय स्वच्छता पखावड़ा जिला दुर्ग आदर्श ग्राम पंचायत कुथरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस एवं जन-जागरूकता चलाया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही जनपद पंचायत दुर्ग, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत तथा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी शामिल होंगे।इस अवसर पर कविता पाठ होगा और बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

### सशिमं खर्रा के बच्चों एवं आचार्यों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली






**गुरुर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा के भईया, बहनों एवं आचार्य परिवार द्वारा प्रधानाचार्य फलदेव साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता एवं स्वदेशी प्रचार रैली का आयोजन किया गया।

विद्यालय के भईया-बहनों ने हाथ में स्वच्छता व स्वदेशी स्लोगन लिखे हुए पोस्टर व बैनर लेकर गांव के गलियों में भ्रमण किया। चौराहों पर लोगों को स्वदेशी वास्तुओं के नाम की सूची वितरण कर स्वदेशी वस्तु अपनाने का आग्रह किया गया। विद्यालय परिसर तथा आसपास की सफाई की गई। आचार्य सुखीत कलिहारी द्वारा भईया बहनों को एवं सभी आचार्य, दीदियों को स्वच्छता तथा स्वदेशी वस्तु अपनाने व उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुखीत कलिहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, बीना साहू, रंजना सिन्हा, तुमेश्वरी पटेल, छबि लता पटेल एवं शिशु व बाल भारती के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्राम तमोरा में चला वृहद सदस्यता अभियान



**बालोद।** भक्त माता कर्मा मंदिर प्रांगण ग्राम तमोरा में बैठक कर, वृहद सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर पूरे देश में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक गांव प्रत्येक बूथ पर भाजपा का सदस्य बनाने का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इस संबंध में भक्त माता कर्मा मंदिर प्रांगण ग्राम तमोरा बुथ क्रमांक 121 बैठक आहूत की गई।

इस बैठक में महामंत्री व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला भाजपा बालोद राकेश छोटू यादव एवं ग्रामीण मण्डल सदस्यता अभियान प्रभारी सुरेंद्र देशमुख, डॉ पूर्व महामंत्री ग्रामीण मंडल बिरेन्द्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य बालोद कुंदन साहू, बुथ अध्यक्ष सुखदेव निषाद, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, शक्ति केंद्र संयोजक बृजेश साहू सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक अनिला ने क्षेत्रवासियों को दी सवा करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया ने वनांचल ग्रामों में कई विकासकार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इसमें करियाटोला में पांच लाख का स्कूल भवन, कुर्रूभांट में 10.50 लाख का स्कूल भवन एवं 6.50 लाख का सामुदायिक भवन, मंगचुवा में 13 लाख का किसान कुटीर भवन एवं 5 लाख का सामुदायिक भवन, करतुटोला में 5 लाख का सी सी रोड, डुमाटोला में 6.50 लाख का सामुदायिक भवन, रेंगाडबरी में 13 लाख का किसान कुटीर भवन एवं 15 लाख का मंगल भवन शामिल है। इसी तरह पुनारकसा में 13 लाख का किसान कुटीर भवन, 10 लाख का डोम शेड, 8.50 लाख का यात्री प्रतिक्षालय, भीमपुरी में 5 लाख का सी सी रोड़,बंजारी में 6.50 लाख का सामुदायिक भवन एवं 8.50 लाख का यात्री प्रतिक्षालय का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ग्रामों के सरपंच एवं ग्रामीण, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द चन्द्राकर, प्रदेश सचिव महिला छबिला सिन्हा, जनपद सदस्य राजाराम तारम, जागेश्वर दर्रो, हेमसिंह रावटे, जोन अध्यक्ष गणेश राम रात्रे, दिलीप कुमार बघेल, सेक्टर प्रभारी दराज खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला गौरैय्या राजमिस्त्री कल्याण संघ की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**बालोद/सिकोसा।** जिला गौरैय्या राजमिस्त्री कल्याण संघ ईकाई गुण्डरदेही सिकैसा की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में तय किया गया कि हर माह की 1 तारीख को राजमिस्त्रियों का काम बंद रहेगा। नए सदस्य जो छूट गए होंगे वे आवेदन देकर इस संघ में शामिल हो सकते हैं। इस बैठक में विशेष अध्यक्ष शांति प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष प्रेमु साहू, सचिव हरिराम साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, त्रिभुवन साहू, पुनारद देशमूख, राजकुमार, दूलेश पटेल, रामा निषाद, पंकज पटेल, चिन्ता राम, राजु राजपुत, वीर्य कुमार, कुलेश्वर ठाकुर तथा सदस्य उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी ने दी नशे से दूर रहने की सलाह




**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में थाना प्रभारी मंगचुवा एवं स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इसके तहत नशे के दुष्परिणाम बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। थाना प्रभारी राधा बोरकर ने बताया कि किस तरह नशा मानव समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी। इसके साथ ही बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर मंगचुवा थाना प्रभारी राधा बोरकर ने बताया कि इसी सप्ताह मैंने देवरी थाना से स्थानांतरित होकर मंगचुवा थाना में पदभार ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध पर प्रतिबंध लगाने का भरपूर प्रयास करूंगी।

### भानपुरी में संकुल समन्वयक आशाराम ने दिया न्योता भोज



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला भानपुरी में संकुल समन्वयक आशाराम कोरटिया ने अपनी माता के श्राद्ध के अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों को न्योता भोज करवाया। इस दौरान प्रधान पाठक कामता प्रसाद साहू, हरिश कुमार सेवता, नारद राम साहू, मनोज कुमार सार्वा सहित स्कूल के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### सांगली में हुई रामधुनी प्रतियोगिता



**गुरूर।** ग्राम सांगली में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू थे, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुरुर कौशल साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गुरुर नंदकिशोर शर्मा, भाजपा नेता गुरुर यादराम साहू, अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गुरूर मनीष साहू, महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गुरुर मितेश साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मोर्चा मंडल गुरुर गजेंद्र कुमार साहू, बसंत साहू, घेवर यादव, भोलाराम साहू उपस्थित थे।

### स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज निकुम में लगा रक्त परीक्षण शिविर



**अंडा।** स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में रेडक्रॉस और रेडरीबन क्लब द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास प्रभारी अंजू रानी ठाकुर ने इस शिविर की उद्देश्य पर प्रकाश डाला। टीएल साहू स्वास्थ विभाग हनौदा ने रक्तदान, रक्त समूह तथा उनके महत्ता पर विज्ञान संकाय के छात्रों को समझाया। डॉक्टर ओपी चंद्रा ने रक्त समूह के संबंध में जानकारी दी।
इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ सीमा जायसवाल पूजा सोढ़ा, अन्नापूर्णा यादव डा शिप्पी देवांगन तथा जीवंतिका ठाकुर कामता प्रसाद बंजारे, चंपेश्वरी वर्मा, प्रियंका साहू, येवेंद्र साहू रेडक्रास के स्वयंसेवक दीपेश निषाद मोहित साहू, लिलेश्वरी, केशर, चित्रलेखा तथा रेशमी उपस्थित थे।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411